# नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को अजित पवार ने दी अहम जिम्मेदारी, मंच से किया ऐलान

Sana Malik News: मुंबई के अणुशक्ति नगर में अजित पवार की जन सम्मान यात्रा पहुंची. यहां के कार्यक्रम के आयोजक एनसीपी के विधायक नवाब मलिक थे.

By : मृत्युंजय सिंह | Updated at : 19 Aug 2024 08:12 PM (IST)




(नवाब मलिक की बेटी सना मलिक, फाइल फोटो)

Source : @sanamalikshaikh

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी चीफ अजित पवार ने मंच से नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को एनसीपी का प्रवक्ता घोषित किया. आगामी विधानसभा चुनाव में सना को टिकट देने की संभावना है. अजित पवार मुंबई के अणुशक्ति नगर में एक कार्यक्रम में शामिल हुए जिसकी आयोजक नवाब मलिक और सना मलिक हैं. गौरतलब है कि नवाब मलिक को साथ लेने से देवेंद्र फडणवीस, अजीत पवार से नाराज़ हुए थे. अजित पवार के इस कार्यक्रम में नवाब मलिक भी शामिल हुए.

अजित पवार ने मंच से ऐलान किया, "कल से सना शेख मलिक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की स्पोक्सपर्सन रहेंगी. वो हमारी पार्टी की प्रवक्ता के नाते काम करेंगी. पार्टी नए लोगों को आगे लाना चाहती है. नई पीढ़ी को हम आगे लाना चाहते हैं."

सना मलिक ने कहा, "दादा, आपका और मेरा रिश्ता करीब 13 साल पुराना है. 11 सितंबर 2011 में आपने मेरे आर्किटेक्चरल फर्म का उद्घाटन किया था. आपने रक्षाबंधन के इस पवित्र अवसर पर हमारे तालुका को चुना, अपनी जन सम्मान यात्रा को लेकर यहां आएं इसके लिए हम आपके आभारी है. हमने पांच साल पहले इसी मंच से विधानसभा चुनाव की शुरुआत की थी. हम लड़े और भारी मतों से जीते."

इस मौके पर अजित पवार ने कहा, "हम समाज के सभी वर्गों से संवाद करना चाहते हैं. उनकी समस्याओं और बाधाओं को समझते हुए उस पर तुरंत एक्शन लेने की हम कोशिश कर रहे हैं. नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देना भी हमारी जिम्मेदारी है. इस यात्रा से मुझे समाज की माताओं-बहनों से मिलने का अवसर मिल रहा है. बहनों का प्यार मिल रहा है. कलाई से लेकर कोहनी तक मेरा हाथ राखियों से भरा हुआ है. माताओं-बहनों की प्यार मेरी ताकत है."

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि वो अपने हाथ में बंधी राखियों की कसम खाते हैं कि राज्य की माताओं-बहनों की सुरक्षा करेंगे और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेंगे. लाडकी बहिन योजना पर उन्होंने कहा कि ये योजना हम बंद नहीं होने देंगे.

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले NDA में दरार! शिवसेना नेता ने की बीजेपी के मंत्री के इस्तीफे की मांग**